प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 20.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर प्रदेश में राज्यस्तरीय मुख्य समारोह जैसलमेर के खुहड़ी सैंड डयून्स में होगां कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा हिस्सा लेंगें इसके साथ ही सभी जिलों, ब्लॉक और ग्राम पंचायत मुख्यालयों, धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर योग गुरूओं द्वारा योगाभ्यास कराया जायेगां सभी जिलों में प्रभारी मंत्रियों के नेतृत्व में योग प्रोटोकॉल के तहत अभ्यास किया जाएगां 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग' थीम पर सभी विभागों और संस्थानों में योगाभ्यास कार्यक्रम होंगें जयपुर के एसएमएस स्टेडियम पर होने वाले कार्यक्रम में स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थी, आमजन और बड़ी संख्या में सरकारी अधिकारी तथा कर्मचारी विभिन्न योगासनों तथा प्राणायाम का अभ्यास करेंगें राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की ओर से जंतर मंतर पर ''योग संगम'' का आयोजन किया जाएगां इस बीच अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले प्रदेशभर में जगह–जगह योग के पूर्वाभ्यास कार्यक्रम हो रहे हैं जयपुर के हवामहल पर आयोजित कार्यक्रम में जयपुर ग्रेटर नगर निगम की मेयर सौम्या गुर्जर ने लोगों के साथ योगाभ्यास कियां अजमेर के जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षण योग शिविर में आज 100 से अधिक प्रतिभागियों ने योग कियां झुंझुंनूं के खेतडी नगर में हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड के परिसर में सैकंडो कर्मियों ने एक साथ योग कर स्वस्थ जीवन का संदेश दियां इस कार्यक्रम की शुरूआत केन्द्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने हैदराबाद से वर्चुअल माध्यम से कीं

00000

प्रदेश में भू जल स्तर बढाने और जल संरक्षण को बढावा देने के उद्देश्य से चलाये जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का आज समापन होगां मुख्य समापन समारोह जैसलमेर के गडसीसर सरोवर पर आयोजित किया जायेगां इसमें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा शिरकत करेंगें वे इस अवसर पर सरोवर की पूजा अर्चना भी करेंगें विभिन्न जिलों में भी आयोजित कार्यक्रमों में प्रभारी मंत्री शामिल हो रहे हैं झुंझुनूं के मोडापहाड के जीतमल जोहडे में आज श्रमदान और पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गयां इसमें विधायक राजेन्द्र भाम्बू और जिला कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि शामिल हुएं एक पखवाडे तक आयोजित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के दौरान पानी बचाने और वर्षा जल संग्रहण के लिये पारम्परिक जल स्त्रोतों की साफ सफाई के कार्य किये गयें इसके साथ ही पुराने जल स्त्रोतों की मरम्मत तथा नई जल संरचनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किये गयें

00000

केंद्रीय संचार ब्यूरो सिरोही की ओर से ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आज केंद्र सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी लगायी जा रही हैं पत्र सूचना कार्यालय और केन्द्रीय संचार ब्यूरो की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने बताया कि केंद्र सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों पर प्रदर्शनी में विभिन्न पैनल लगाए गए हैं जिनके माध्यम से सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का ब्योरा दिया गया हैं दो दिन की इस प्रदर्शनी में प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा यह प्रदर्शनी सुबह 10 से शाम चार बजे तक आम नागरिकों के लिए निःशुल्क खुली रहेगीं

0000

कैलाश मानसरोवर यात्रा पांच साल बाद आज सिक्किम के नाथुला से शुरू हुई राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने 36 सदस्यों के समूह को झंडी दिखाकर इस पवित्र यात्रा के लिए रवाना कियां इस वर्ष नाथुला से तीर्थयात्रियों के कुल दस जत्थे कैलाश मानसरोवर जाएंगें प्रत्येक जत्थे को पवित्र यात्रा पूरी करने में 11 से 12 दिन लगेंगें पूरी यात्रा के दौरान उनके साथ डॉक्टर और सरकारी अधिकारी भी रहेंगें वे पहले करीब 17 हज़ार फ़ीट की ऊंचाई पर कैलाश की और फिर 15 हज़ार फ़ीट की ऊंचाई पर मानसरोवर की परिक्रमा करेंगें

00000

प्रदेश में बीते 24 घंटों में पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर हल्की से भारी बारिश दर्ज की गयीं वहीं पश्चिमी राजस्थान में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई मौसम विभाग के अनुसार सबसे अधिक 11 दशमलव 4 सेंटीमीटर बरसात

भीलवाडा के बिजोलिया में रिकॉर्ड हुई जयपुर के फुलेरा, कोटा के रामगंजमंडी और बांसवाडा के दानपुर में 11—11 सेंटीमीटर पानी बरसां विभाग ने आज जयपुर, दौसा, भीलवाडा, अजमेर और टोंक जिलों तथा आसपास के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया हैं इन स्थानों पर कहीं—कहीं तेज बारिश भी हो सकती हैं साथ ही बिजली गिरने और अंधड की भी आशंका हैं धौलपुर, भरतपुर, अजमेर, कोटा, बूंदी, बारां, चित्तौडगढ, करौली, सवाईमाधोपुर, झालावाड, जालोर, झूंझुनूं, नागौर, सीकर और सिरोही जिलों में गरज के साथ हल्की बरसात के आसार हैं

00000